# ULB


## BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

## *E-News Letter*
## *March, 2016*




# Message

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है, कि नगर निगम, भरतपुर द्वारा संचालित कार्यो पर आधारित ई–न्यूज लेटर प्रथम अंक का प्रकाशन किया जा रहा है।

ई–न्यूज लेटर का यह अंक राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व भरतपुर निकाय द्वारा आम नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवाने महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर पर बेहतर बनाने के लिये भरतपुर नगर निगम निरन्तर प्रत्यनशील है।

मैं भरतपुर शहर की जनता द्वारा किये अभिनन्दन के लिये आभार व्यक्त करता हूँ। शहर के समग्र विकास हेतु कार्य करना ही मेरा एक मात्र लक्ष्य हैं इस न्यूज पत्र द्वारा नगर निगम की समस्त जानकारी व उपलब्धियों आमजन तक पहुंचाने हेतु एक उचित कदम है। भरतपुर शहर की जनता से अपील करता हूँ। कि शहर के विकास में अधिक–अधिक भागीदारी निभायें।

मैं ई–न्यूज लेटर के इस अंक के सफल प्रकाशन की शुभकामनाऐं देता हूँ।



(शिवसिंह भौंट)
महापौर
नगर निगम, भरतपुर



# *Message*

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है, कि नगर निगम, भरतपुर द्वारा संचालित कार्यो पर आधारित ई–न्यूज लेटर प्रथम अंक का प्रकाशन किया जा रहा है।

ई–न्यूज लेटर का यह अंक राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व भरतपुर निकाय द्वारा आम नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवाने महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर पर बेहतर बनाने के लिये भरतपुर नगर निगम निरन्तर प्रत्यनशील है।

मैं भरतपुर शहर की जनता द्वारा किये अभिनन्दन के लिये आभार व्यक्त करता हूँ। शहर के समग्र विकास हेतु कार्य करना ही मेरा एक मात्र लक्ष्य हैं इस न्यूज पत्र द्वारा नगर निगम की समस्त जानकारी व उपलब्धियों आमजन तक पहुंचाने हेतु एक उचित कदम है। भरतपुर शहर की जनता से अपील करता हूँ, कि शहर के विकास में अधिक–अधिक भागीदारी निभायें। नगर निगम के समस्त अधिकारी व कर्मचारी इस कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

मैं ई–न्यूज लेटर के इस अंक के सफल प्रकाशन की शुभकामनाऐं देता हूँ।



(लक्ष्मीकान्त बालोत)
आयुक्त
नगर निगम, भरतपुर

# स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 3500 आवेदन ऑनलाईन उपलोड किये गये है। तथा 3300 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 3200 अप्रूव्ड किये जा चुके हैं। 3200 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराया जायेगा।

सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र भरतपुर की डी.पी.आर. म्ब्ॅ"अम ॅलेजमउ ;च्द्ध स्जक मुम्बई द्वारा राशि 19.40 करोड़ की तैयार की गई हैं। जिसको एम.एन.आई.टी. जयपुर से अप्रैजल कराकर श्रीमान निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर को स्वीकृति हेतु भिजवा दी गई है। ड़ोर–टू–ड़ोर कचरा संग्रहण की निविदा की प्रक्रिया जारी है। प्रोसेसिंग प्लांट के रेनोवेशन कार्य की निविदा जारी कर दी गयी है। निविदा ऑनलाइन डालने की अंतिम तिथि 11.4.2016 है।

## अमृत योजना

अमृत योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार स्वीकृति जारी की गई है।

1- वाटर सप्लाई – राशि 30.00 करोड़

2- सीवरेज एवं सैप्टेज मैनेजमेन्ट – राशि 80.00 करोड़ + 10.00 करोड़

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3- | स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज | – | राशि 20.00 करोड़ |
| 4- | अरबन ट्रान्सपोर्ट | – | राशि 10.00 करोड़ |
| 5- | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 05.00 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 155.00 करोड़** |

उपरोक्तानुसार सीवरेज की डी.पी.आर. तैयार करा ली गई है। एम.बी.एम. कॉलेज जोधपुर से अप्रैजल करा ली गई है। डी.पी.आर. को रूफडिको में भिजवायी गई थी। रूफडिको द्वारा कुछ संशोधन बताये गये हैं। संशोधन करने हेतु डी.पी.आर. को कन्सलटेन्ट को दे दिया गया है। सैप्टेज मैनेजमेन्ट, स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, अरवन ट्रान्सपोर्ट, ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् की डी.पी.आर. तैयार करने हेतु मैसर्स डध्ै म्गबमसजमबी ब्वदेनसजंदबल ॅदक च्तवरमबजे च्अजण स्जकए 10.11ए छंजतंर छंहंतए प्उसप चीजांए श्रंपचनत को दिनांक 02.12.2015 को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। डध्ै म्गबमसजमबी ब्वदेनसजंदबल ॅदक च्तवरमबजे च्अजण स्जकए 10.11ए छंजतंर छंहंतए प्उसप चीजांए श्रंपचनत द्वारा उक्त कार्यो का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। सैप्टेज मैनेजमेन्ट, स्टोर्म वाटर ड्रेनेज, अरबन ट्रान्सपोर्ट, ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् की डी.पी.आर. 30 मार्च 2016 तक तैयार होने की संभावना है।

योजनान्तर्गत आर.यू.आई.एफ.डी.सी.ओ. के पत्रांक 5104 दिनांक 29.10.2015 एवं श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, भरतपुर के पत्रांक 11728 दिनांक 20.11.2015 की पालना में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति (डी.एल.आर.एम.सी.) का गठन कर श्रीमान जिला कलक्टर महोदय से अनुमोदन करा लिया गया है। वाटर सप्लाई की डी.पी.आर. तैयार कराने का कार्य पी.एच.ई.डी. विभाग द्वारा कराया जाना है।

ैस्प्च (सर्विस लेवल इम्प्रूवमेन्ट प्लान) 2016–17ः– ैस्प्च (सर्विस लेवल इम्प्रूवमेन्ट प्लान) वर्ष 2016–17 का अनुमोदन डी.एल.एम.आर.सी. की बैठक में दिनांक 15.03.2016 को करा लिया गया है। ैस्प्च वर्ष 2016–17 रूफडिको में जमा करा दी गई है।

# *राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन*

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत महिलाओं के 160 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 75 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है। मार्च माह में वित्तीय लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी आर.ओ. को नोटिस देकर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आदेश जारी किये गये है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह फरवरी,16 तक 622 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 3 आवेदकों का प्रशिक्षिण कार्य शुरू हो चुका है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह फरवरी, 2016 तक 388 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 91 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 23 आवेदनकर्त्ताओं को 13.35 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर दी गई है।

स्ट्रीट वैंड़र घटक के तहत 1,000 से अधिक संख्या होने के कारण एजेंसी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है।

## *भामाशाह सीड़िंग*

इसके तहत् 18.1.2016 से 23.2.2016 तक नगर निगम, भरतपुर क्षेत्र के विभिन्न वार्ड़ों में शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें आधार तथा भामाशाह योजना के लिए नामांकन किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड़ की सीड़िग का कार्य किया गया। सीड़िग कार्य के लिये डाटा एकत्रित करने हेतु 50 वार्डों में स्तरीय कार्मिकों तथा नगर निगम भरतपुर के 10 कर्मचारियों को सर्वे हेतु लागाया था। इससे पहले प्रचार प्रसार हेतु लाउडस्पीकर के जरिये नगर निगम क्षेत्र में प्रचार–प्रसार करवाकर अपील के पर्चे वितरित किये गये एवं समय–समय पर समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी कर सीड़िंग हेतु आम जनता से अपील की गई। योजना अंतर्गत सीडिंग का कार्य आदिनांक अटल सेवा केन्द्र, कलैक्ट्रेट परिसर में चल रहा है। जिसमें आवश्यक सूचनायें एंव दस्तावेज प्राप्त व जमा किये जा रहे है।

# बसन्त प्रदर्शनी एवं मेला,2016




नगर निगम भरतपुर द्वारा बसन्त पंचमी के अवसर पर पहली बार ''बसन्त प्रदर्शनी एवं मेला'' का आयोजन दिनांक 20.02.2016 से प्रारम्भ होकर, विभिन्न सांस्कृतिक अयोजन एवं प्रदर्शनी लगाकर दिनांक 08.03.2016 को समापन समारोह सम्पन्न हुआ।

# बजट एक नजर में

नगर निगम, भरतपुर में वित्तीय वर्ष 2015–16 में राशि 5821.86 लाख रूपये की प्राप्तियां होने का अनुमान है, जिसके विरूद्ध माह जनवरी, 2016 तक कुल 4351.96 लाख रूपये की वास्तविक प्राप्तियां हो चुकी हैं। आगामी वर्ष 2016–17 में राशि 6341.21 लाख रूपये की प्राप्तियां होने का अनुमान रखा गया है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2015–16 में राशि 6169.63 होने का अनुमान है, जिसके विरूद्ध माह जनवरी, 2016 तक कुल राशि 3788.45 लाख रूपये का व्यय हो चुका है। आगामी वर्ष 2016–17 में राशि 7808.79 लाख रूपये का व्यय होने का प्रावधान किया गया है।



निगम के स्वयं के संसाधनों से प्राप्तियों में मुख्य स्त्रोत यथा नगरीय विकास कर, नगर सुधार न्यास से भूमि विक्रय की 15 प्रतिशत अंशदान राशि, वाहन पार्किंग स्टैण्ड ठेके, विवाह स्थल पंजीयन, मेले में दुकान किराया आवंटन, रोड कटिंग

शुल्क, भूमि लीज प्रीमियम, भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क, साईन बोर्ड व विज्ञापन फीस इत्यादि मुख्य है।

# Contacts Us:

**BHARATPUR MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222 170**